## एक नजर में

### आज मुनिराज विरल विजयजी म.सा. का आराधना भवन में चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश होगा, चल समारोह निकलेगा

**मंदसौर।** आज दिनांक 26 जुलाई रविवार को जैन संत मुनिराज विरल विजय म.सा. आदि ठाणा 2 का नई आबादी स्थित आराधना भवन में चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। साथ ही साध्वी श्री शीलमाला श्रीजी म.सा. व साध्वी श्री रत्नमालाजी म.सा. का भी चातुर्मास हेतु भव्य चातुर्मास प्रवेश होने जा रहा है। इस प्रवेश कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्रात: 8 से 9 बजे तक संजय गांधी उद्यान में नवकारसी का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रात: 9 बजे संजय उद्यान से भव्य चातुर्मास प्रवेश जुलूस निकलेगा। यह जुलूस नई आबादी क्षेत्र के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर आराधना भवन मंदिर हाल में पहुंचेगा। यह विरल विजयजी म.सा. की प्रवचन सभा होगी। चातुर्मास के दौरान चार माह तक संतों की स्थिरता आराधना भवन में रहेगी। आराधना भवन ट्रस्ट अध्यक्ष दिलीप रांका, श्री संघ अध्यक्ष महेश जैन ने सभी श्रावक श्राविकाओं से पधारने की विनती की है।

### शासकीय उ.मा.वि. रठाना में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन हुआ



**मन्दसौर।** शासकीय उ.मा.वि. रठाना में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन किया गया जिसमें भुवान सिंह अध्यक्ष, श्याम सिंह झाला उपाध्यक्ष, शाला प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार सचिव सर्वानुमति से बनाये गये। समिति में सर्व श्री जुझारलाल, सुरेश धनगर, श्रीमती सुनिता शर्मा, श्रीमती सोहन धनगर, विष्णु कुमार सोनी, जयेश नागर, वरलाल, श्रीमती अनिता मुकेश, श्रीमती संगीता मुकेश, पंकज गुर्जर, बलवंत भारत सिंह, अम्बाराम पाटीदार, श्रीमती वंदना सूर्यवंशी, कन्हैयालाल चौहान, बालाराम शर्मा, मुजीबुद्दीन नियारगर समिति में लिये गये। बैठक का संचालन रामचन्द्र पाटीदार ने किया, आभार शाला प्राचार्य व सचिव अशोक पाटीदार ने किया, बैठक का कवरेज मोहित बैरागी ने किया।

### महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**मन्दसौर।** सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय मन्दसौर में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदनलाल राठौड़ ने अपने उद्बोधन में नशा मुक्ति के साथ ही व्यक्तित्व और जीवन में संस्कारों के समन्वय के महत्व को समझाया। विशेष अतिथि अनिल कियावत सदस्य जिला विकास समिति ने छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करवाया गया। अन्य अतिथियों विनय दूबेला भाजपा जिला उपाध्यक्ष व श्रीमती पुष्पा चौहान महिला मोर्चा ने भी छात्राओं को संबोधन में अपने परिवार के लोगों को एवं स्वयं को नशे से दूर रखना एवं श्रेष्ठ जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के सूत्रधार जिला नशा मुक्ति समिति के संचालक करण सिंह परिहार ने कार्यक्रम की उपयोगिता का संदेश दिया। स्वागत उद्बोधन प्रभारी प्राचार्य राजेश रत्नावत ने दिया। मंचीय व्यवस्था सुरेश बोराना एवं कुंदन सांखला द्वारा सम्पन्न की गयी। कार्यक्रम संचालन महेश त्रिवेदी प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया एवं आभार हामिद खान जैदी द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# दिगम्बर जैन प्रीमियर लीग का आगाज




**मंदसौर। दिगम्बर जैन यूथ विंग द्वारा पहली बार आयोजित दो दिवसीय दिगम्बर जैन प्रीमियर लीग-2026 टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को श्रीराम टर्फ, अभिनंदन नगर में उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ।**

प्रतियोगिता में दिगम्बर जैन समाज की 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि समाजरत्न शांतिलाल जयकुमार बड़जात्या रहे। अध्यक्षता सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन उपस्थित थे। अतिथियों ने भगवान आदिनाथ एवं आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि शांतिलाल बड़जात्या ने कहा कि यह आयोजन समाज के युवाओं को एक मंच पर जोड़ने की सराहनीय पहल है। इससे समाज में नई ऊर्जा और एकता का भाव मजबूत होगा। इस अवसर पर लोकेन्द्र जैन एवं अनिल जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

टूर्नामेंट में पार्श्व पायोनियर्स, अभिनंदन स्टार, एसएनई वॉरियर्स, मोक्ष वॉरियर्स, तीर्थंकर वॉरियर्स, टीम जय जिनेन्द्र, जैनम सुपर किंग्स, वीर पुत्र टाइटन्स, तीर्थ टाइटन्स और अर्हम् स्ट्राइकर्स सहित 10 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन के बाद टीमों के बीच रोमांचक मुकाबलों का दौर शुरू हुआ। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# एमएसएमई उद्यमियों को दी एनपीएस की जानकारी, वित्तीय सुरक्षा पर जोर

**मंदसौर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में वित्तीय जागरूकता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लघु उद्योग भारती, मंदसौर एवं पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को होटल वृंदा बाय अग्रवाल्स में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) विषयक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के करीब 40 एमएसएमई उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष डॉ. सौरभ तोमर के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि उद्योगों के साथ कर्मचारियों की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। सहायक संचालक, एमएसएमई विभाग मध्यप्रदेश शासन प्रगति सिंह ने उद्यमियों से कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए एनपीएस जैसी योजनाओं को अपनाने का आग्रह किया।

पीएफआरडीए के सहायक प्रबंधक अजिंक्य देशपांडे ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की विशेषताओं, पंजीयन प्रक्रिया और सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना नियमित निवेश के माध्यम से सुरक्षित भविष्य का मजबूत विकल्प है। यूटीआई पेंशन फंड के सहायक प्रबंधक अमोल कलमकर एवं इंडियन बैंक के प्रबंधक अभिजीत मिश्रा ने भी विभिन्न निवेश विकल्पों और पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं पर जानकारी दी।

## भव्य मंगल प्रवेश के साथ सीतामऊ में साध्वी मंडल का चातुर्मास प्रारंभ

**सीतामऊ।** जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्रीसंघ एवं सकल जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में आयोजित 'आत्म जागृति चातुर्मास-2026' के अंतर्गत पूज्य साध्वी रत्नरिद्धि श्रीजी म.सा. आदि ठाणा का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर का जैन समाज बड़ी संख्या में उपस्थित रहा तथा पूरे नगर में धर्ममय वातावरण देखने को मिला। धर्मसभा में साध्वी रत्नरिद्धि श्रीजी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास श्रद्धा, संयम, तप और आराधना का महापर्व है। उन्होंने समाजजनों से पूरे चातुर्मास के दौरान नियमित रूप से प्रवचन, प्रतिक्रमण एवं धार्मिक गतिविधियों में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने भगवान महावीर के अहिंसा और आत्मकल्याण के संदेश को जीवन में अपनाने की प्रेरणा भी दी। साध्वी रत्नवृद्धि श्रीजी म.सा. ने कहा कि प्रवेश के समय जैसा उत्साह दिखाई दिया है, वही पूरे चातुर्मास में बना रहना चाहिए। कार्यक्रम में सकल जैन श्रीसंघ अध्यक्ष अशोक जैन, मूर्तिपूजक श्रीसंघ अध्यक्ष डॉ. अरविंद जैन सहित विभिन्न श्रीसंघों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बाहर से आए अतिथियों एवं श्रीसंघ प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

# साबाखेड़ा व दाऊदखेड़ी में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान का आयोजन



**मंदसौर।** तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान के अंतर्गत संदीपनी विद्यालय साबाखेड़ा एवं शासकीय हाई स्कूल दाऊदखेड़ी में तंबाकू विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों ने समाज व शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए सामूहिक शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रेस क्लब के संरक्षक ब्रजेश जोशी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाना समाज का प्राथमिक कर्तव्य है और इसमें मीडिया व शैक्षणिक संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिला तंबाकू नियंत्रण समिति के सदस्य करण सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाना केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य की नींव है। जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष मदनलाल राठौर ने कहा कि विद्यार्थी संकल्प ले कि वह हर प्रकार के नशे से स्वयं भी दूर रहेंगे व अपने परिचितों को भी नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करेंगे। पूर्व जिला महामंत्री भाजपा विजय अटवाल ने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए हर नागरिक को आगे आकर अपने आसपास के वातावरण को नशामुक्त बनाने में सहयोग देना होगा। प्राचार्य श्रीमती सुनीता गोधा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनुशासन और स्वास्थ्य ही सफलता की कुंजी हैं, अत: विद्यार्थियों को बचपन से ही नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से पूरी तरह दूर रहना चाहिए।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य बंशीलाल धनगर, सरपंच परमानंद धनगर, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा चौहान, प्राचार्य विनीत अग्रवाल एवं समाजसेवी छगनलाल धनगर, विद्यालय स्टॉफ, विद्यार्थी आदि भी से उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए हमेशा स्वस्थ और नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक ने ग्राम बिल्लोद में किया यूनिफॉर्म वितरण, नेत्र परीक्षण



**मंदसौर।** सामाजिक सेवा संस्था लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक द्वारा "सेवा ही धर्म है" की भावना के साथ ग्राम बिल्लोद स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बहुउद्देशीय सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बस स्टैंड स्थित दूध डेयरी के पास आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब की ओर से जरूरतमंद बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित करने के साथ ही नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर और पौधारोपण के तीन प्रमुख प्रकल्प संपन्न किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गोस्वामी थीं। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा चौधरी के संबोधन से हुई। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कहा कि बच्चों को यूनिफॉर्म प्रदान करना केवल सामग्री का वितरण नहीं, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास जगाने और शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास है। प्रत्येक बच्चे को समान अवसर और अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, क्योंकि यूनिफॉर्म बच्चों में अनुशासन, समानता और एकता की भावना को मजबूत करती है।

मुख्य अतिथि श्रीमती प्रियंका गोस्वामी ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने, माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान करने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही समाज और सेवा संस्थाओं की सबसे बड़ी सफलता है। इस अवसर पर लायंस सदस्यों ने परिसर में पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती चित्रा मंडलोई ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती सीमा जैन द्वारा व्यक्त किया गया। इस गरिमामय अवसर पर क्लब की सदस्य पुष्पा चेलावत, चंद्रकांता पुराणिक, नीलम जैसवानी, सीमा धनोतिया और सुनीता मुजावदिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

## नीमच

## एक नजर में

### धनगांव में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित, 53 मरीजों को मिला उपचार एवं परामर्श

**नीमच।** आयुष विभाग के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय थड़ोद द्वारा ग्राम धनगांव में शनिवार को नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आवश्यक औषधियों का नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर के दौरान मरीजों के रक्तचाप (बीपी) एवं रक्त शर्करा (शुगर) की नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही श्वास, कास, अग्निमांद्य, आध्मान, चर्मरोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, शिरशूल, प्रवाहिका, उदरशूल, अर्श, प्रदर, दाद, अम्लपित्त, प्रतिश्याय एवं विवन्ध सहित विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव, नशा मुक्ति, तनाव प्रबंधन तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के संबंध में भी जागरूक किया गया। शिविर में डॉ.आर.पी.वर्मा एवं श्रीमती संजू भदौरिया ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर का लाभ कुल 53 हितग्राहियों ने प्राप्त किया।

### कृषि अधिकारियों ने किया खेतों एवं शासकीय कृषि प्रक्षेत्र का निरीक्षण

**नीमच।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री नगीनसिंह रावत के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों के संयुक्त दल ने शुक्रवार को मनासा एवं रामपुरा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के साथ ही शासकीय कृषि प्रक्षेत्र महागढ़ का निरीक्षण कर खरीफ फसलों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। संयुक्त दल ने ग्राम दूधलई, जन्नोद, लसुडिया इस्तमुरार, हरीपुरा सहित आसपास के विभिन्न गांवों के खेतों का भ्रमण कर सोयाबीन, मक्का, मूंगफली एवं उड़द की फसलों का निरीक्षण किया। विगत चार-पांच दिनों से हुई लगातार वर्षा के कारण खरीफ फसलों की स्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान मिट्टी में नमी तथा फसलों में कीट एवं रोगों की संभावित स्थिति का आकलन किया गया। किसानों को फसलों की नियमित निगरानी रखने तथा आवश्यकता होने पर वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुरूप समय पर नियंत्रण उपाय अपनाने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने अधिक खरपतवार प्रभावित खेतों में समय पर निंदाई-गुड़ाई कराने की सलाह देते हुए वर्तमान मौसम के अनुरूप फसलों के समुचित प्रबंधन एवं आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय अपनाने पर बल दिया। इसके पश्चात संयुक्त दल ने शासकीय कृषि प्रक्षेत्र महागढ़ का निरीक्षण कर सोयाबीन फसल की स्थिति, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा प्रक्षेत्र में चल रहे खरपतवारनाशी स्प्रे कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का अवलोकन किया। इस दौरान फसलों की नियमित मॉनिटरिंग, वैज्ञानिक कृषि प्रबंधन एवं समयबद्ध खरपतवार नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि फसलों की स्वस्थ वृद्धि एवं बेहतर उत्पादन सुनिश्चित हो सके। भ्रमण के दौरान किसानों को उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ई-टोकन बुक करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। किसानों ने बताया कि इस व्यवस्था से उन्हें उर्वरक प्राप्त करने में सुविधा हो रही है तथा निर्धारित मूल्य पर पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध हो रही है। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की कि उर्वरक, बीज अथवा कीटनाशक दवाइयां खरीदते समय विक्रेता से पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें। यदि कोई विक्रेता बिल देने से इनकार करे अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूल करे, तो इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें, ताकि संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# प्रशासन ने 12 दिन में खुलवाया खेत का रास्ता, सात बीघा में होगी बोवनी



**नीमच।** जिले में खेत का रास्ता बंद होने से परेशान एक किसान का अनोखा विरोध काम आ गया। जनसुनवाई में गले में हेलीकॉप्टर की माला पहनकर खेत जाने के लिए हेलीकॉप्टर मांगने वाले किसान का रास्ता प्रशासन ने 12 दिन के अंदर खुलवा दिया है। अब किसान अपनी 7 बीघा जमीन पर बुआई कर सकेंगे।

यह मामला नीमच जिले की जीरन तहसील के पलसोड़ा गांव का है। गांव के रहने वाले किसान रामलाल शर्मा और उनके भाई रमेश चंद्र शर्मा अपने खेत का रास्ता खुलवाने के लिए 12 जुलाई को जनसुनवाई में पहुंचे थे। उन्होंने अनोखे तरीके से विरोध जताते हुए प्रशासन से मांग की थी कि अगर रास्ता नहीं खुल सकता तो उन्हें खेत तक जाने के लिए हेलीकॉप्टर दे दिया जाए। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एसडीएम और तहसीलदार को मौके पर जाकर रास्ता साफ करवाने के निर्देश दिए थे। जीरन तहसीलदार शत्रुघ्न चतुर्वेदी ने बताया कि यह मामला कानूनी उलझन में फंसा हुआ था। पहले तहसीलदार कोर्ट ने रास्ता खोलने का आदेश दिया था, लेकिन दूसरे पक्ष ने एडीएम कोर्ट से उस आदेश को रद्द करवा दिया। इसके बाद पीड़ित किसान हाई कोर्ट गए और वहां से स्टे ले आए। प्रशासन ने हाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर का पालन करते हुए रास्ते की रुकावट हटा दी है। हालांकि, मामला अभी हाई कोर्ट में चल रहा है और अंतिम फैसला कोर्ट के निर्णय पर ही निर्भर करेगा। रास्ता खुलने के बाद पीड़ित किसान अब अपने खेत में फसल बो सकेंगे। प्रशासन ने साफ किया है कि किसानों से जुड़े जमीन-जायदाद के मामलों का सही और समय पर निपटारा करना उनकी पहली पसंद है।

### विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं केरियर मार्गदर्शन आज

**नीमच।** समस्त मेघवाल समाज नीमच जिला इकाई एवं युवा मेघवाल समाज संगठन के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की परम्परा अनुसार इस वर्ष भी रविवार 26 जुलाई को सुबह 9 बजे टाउन हॉल दशहरा मैदान नीमच पर चतुर्थ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन 2026 कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अमृत झालवानिया ने बताया कि ने बताया कि मेघवाल समाज जिला नीमच द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह कैरियर मार्गदर्शन सेवा निवृत कर्मचारियों का सम्मान नवनियुक्त कर्मचारियों का एवं 2026 में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह शैक्षणिक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 70% से अधिक अंक, स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 60% से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, "जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय योगदान एवं विशेष उल्लेखनीय प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# अंबेडकर मार्ग पर नपा ने हटाया दुकानों के सामने से अतिक्रमण

- सड़क किनारे रखा सामान भी जब्त किया और चालान भी बनाए
- 9 दुकानदारों के चालान बनाकर 2300 रुपए जुर्माना वसूला

**नीमच।** शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानों के बाहर सड़क तक सामान फैलाकर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटवाने के लिए नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर शनिवार 25 जुलाई को नगर पालिका अमले ने अंबेडकर मार्ग पर लायंस डेन से शिवाजी सर्किल तक दुकानों के बाहर से अतिक्रमण हटवाते हुए अनेक दुकानों के सामने से सड़क तक फैलाया हुआ सामान भी जप्त किया तथा दुकान के बाहर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की। नगर पालिका अमले ने 9 दुकानदारों के चालान बनाते हुए ?2300 जुर्माना भी वसूला।

शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के निर्देश पर नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक महावीर जैन, हेमंत सिसोदिया, महेंद्र साहू, श्री योगेश टांकवाल एवं स्वच्छता निरीक्षक रवि खरे आदि ने नपा कर्मचारियों के साथ दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सड़क तक फैला कर रखे गए सामान को हटवाने की कार्रवाई लायंस डेन से प्रारंभ की और यहां से एलआईसी चौराहा, बंसल चौराहा, टीवीएस शोरुम चौराहा होते हुए शिवाजी सर्कलतक दुकानदारों को समझाइश देकर दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया।

## गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत करियर मार्गदर्शन एवं प्रेरक व्याख्यान आयोजित

**नीमच।** राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), नीमच में आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को करियर मार्गदर्शन एवं प्रेरक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव ने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका का बोध कराया तथा जीवन में अनुशासन, सतत अध्ययन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच को सफलता का मूल मंत्र बताया।

उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, व्यक्तित्व विकास, संवाद कौशल, प्रशासनिक सेवाओं एवं विभिन्न रोजगार एवं करियर के अवसरों की जानकारी देते हुए स्वयं को समय के अनुरूप निरंतर विकसित करने का आह्वान किया। व्याख्यान के दौरान प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य अतिथि ने सरल, व्यवहारिक एवं प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से समाधान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री सापेड़िया ने तथा आभार प्रदर्शन सुश्री वर्षा भारती ने किया। कार्यक्रम में डाइट परिवार के संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं लगभग 105 प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## एक नजर

**सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता फैलाएंगे जिले के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर**

# 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान को लेकर पुलिस-इनफ्लुएंसर मीट



**नीमच।** नशे के विरुद्ध जनजागरूकता को प्रभावी बनाने एवं 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम नीमच में पुलिस-इनफ्लुएंसर मीट का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश जी व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं हेड कांस्टेबल श्री ज्ञानचंद जी यादव सहित नीमच जिले के लगभग 20 से 25 सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना रहा। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया के माध्यम से तैयार किए गए प्रभावी एवं रचनात्मक कंटेंट के जरिए नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग और व्यक्ति तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने कहा कि इस अभियान में नीमच पुलिस सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ मिलकर कार्य करेगी। विभिन्न गतिविधियों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से नशे के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने आगामी दिनों में पुलिस विभाग द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़कर नशे से दूर रखने का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जाना चाहिए। मीटिंग के दौरान उपस्थित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर ने भी अपने-अपने सुझाव साझा किए। बैठक में यह सहमति बनी कि अभियान से जुड़ी आगामी सभी गतिविधियों में नीमच जिले के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, नीमच पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे.